संशोधित

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी वन प्रभाग, झांसी

पत्रांक 417 /15–1 दिनांक, झांसी, अगस्त 01 - 2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत माध्यमिक कार्यखण्ड,
हाईड्रिल कालौनी,
सिविल लाइन, झांसी ।

विषयः– जनपद झांसी में विद्युत माध्यमिक कार्यखण्ड हाइड्रिल कालौनी सिविल लाइन, झांसी द्वारा 33/11 के0वी0एम0ई0एस0 बबीना 220 के0वी0 उपकेन्द्र से 33 के0वी0 की नई विद्युत (डबल लाइन) के निर्माण कार्य में झांसी–ललितपुर मार्ग की प्रभावित 0.0555 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं बबीना पन्ती व सेंधनी आरक्षित वन ब्लाकों की 2.448 हे0 आरक्षित वनभूमि अर्थात कुल 2.5035 हे0 वनभूमि पर गैर वानिकी प्रयोग एवं प्रभावित 61 वृक्षों की शाख तरासी की अनुमति के सम्बन्ध में ।

संदर्भः– भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्राल, एकीकृत, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक–8B/UP/04/63/2022/FC/181, Date 09.06.2023 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–5037/15–1, दिनांक 27.06.2023 ।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के कम में अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव में कतिपय शर्तो के साथ सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। सैद्वान्तिक स्वीकृति की समस्त शर्तो की अनुपालन आख्या/वचनवद्वता अभिलेख 05–05 प्रतियों में शील्ड व हस्ताक्षर सहित शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सैद्वान्तिक स्वीकृति की शर्त सं0 2 के अनुपालन में झांसी वन प्रभाग, झांसी की बबीना रेंज के अन्तर्गत ठकुरपुरा वन ब्लाक की 5.0070 हे0 अवनत वनभूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण व 10 वर्षो के अनुरक्षण सहित आगणित धनराशि रू0 928828.00 (नौ लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ अट्ठाइस रू0 मात्र) एवं शर्त सं0 4 के अनुपालन में झांसी वन प्रभाग की प्रभावित संरक्षित एवं आरक्षित वनभूमि 2.5035 हे0 की एन0पी0वी0 की आगणित धनराशि रू0 2397803.00 (तेइस लाख सनतानवे हजार आठ सौ तीन रू0 मात्र) तथा शर्त सं0 9 के अनुसार बौने पौधों (औषधीय युक्त) का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो का रखरखाव सहित धनराशि 2167330.00 रू0 इस प्रकार शर्त सं0 2, 4 एवं 9 की कुल धनराशि 928828+2397803+2167330=5493961.00 (मु0 चौअन लाख तिरानवे हजार नौ सौ इकसठ रू0 मात्र) कैम्पा नई दिल्ली के खाते में ई–पोर्टल से प्राप्त चालन के माध्यम से जमा कर रसीद की पॉच (रंगीन फोटो कॉपी) प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

जिससे विषयगत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुपालन आख्या उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके ।

संलग्नक :– संदर्भित सैद्वान्तिक स्वीकृति की छायाप्रति ।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांक

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्रांक 3998/11-C-FP/UP/Trans/143401/2021, दिनांक 20.06.2023 के कम में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी